डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
DR. HARI SINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M. P.)
(A Central University)

क्र. स्था./स्वर्ण पदक/2023/8457 10 नवम्बर 2023

# अधिसूचना

1. विश्वविद्यालय में कार्यरत नियमित तृतीय श्रेणी एवं एमटीएस कर्मचारी संवर्ग से एक–एक कर्मचारी को स्व. दिनेश दीक्षित की स्मृति में वर्ष 2022–2023 का उत्कृष्ठ कर्मचारी का स्वर्ण पदक गौर जयंती समारोह 26 नवम्बर 2023 को प्रदान किया जाना है। समस्त विभागाध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/नियंत्रण अधिकारी से आग्रह है कि आपके अधीन कार्यरत नियमित तृतीय एवं एमटीएस कर्मचारियों में से यदि आप किसी कर्मचारी को उक्त पदक हेतु उपयुक्त पाते हैं तो कर्मचारी की कार्यप्रणाली, कार्यव्यवहार तथा उसकी विशेष योग्यता को दृष्टिगत रखते हुए उसकी उत्कृष्ठता के संबंध में संलग्न निर्धारित प्रपत्र में भरकर स्पष्ट अनुशंसा करते हुए दिनांक 15.11.2023 (बुधवार) तक आवेदन संयुक्त कुलसचिव, स्थापना शाखा में भेजें।

2. उक्त के संदर्भ में निम्नानुसार मान–दण्ड निर्धारित किये गये हैं :–

(1) कर्मचारी की आयु 50 वर्ष से अधिक तथा कम से कम 10 वर्ष की विश्वविद्यालय में स्थायी सेवा होनी चाहिए।
(2) कर्मचारी द्वारा विश्वविद्यालय में दिये गये योगदान का प्रमाण–पत्रों सहित पूर्ण विवरण दिया जाना चाहिए।
(3) जिन कर्मचारियों को पूर्व में स्वर्ण पदक प्राप्त हो चुका है उन्हें पुनः आवेदन करने की पात्रता नहीं होगी।
(4) कर्मचारी की कार्य के प्रति निष्ठा एवं समयबद्धता।
(5) कर्मचारी का अनुशासन।
(6) विश्वविद्यालय के सामान्य सेवा के अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्यों की उपलब्धि।
(7) विशेष कार्यालयीन प्रशिक्षण यदि लिया हो।
(8) किसी प्रकार की शिकायत दर्ज न हो।
(9) विगत 5 वर्षों के गोपनीय प्रतिवेदन का आंकलन।
(10) आवेदनकर्ता कर्मचारी के संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/अधिकारी को बैठक में आमंत्रित किया जावेगा।

मानदण्ड समान होने पर कर्मचारी की वरिष्ठता को वरीयता दी जावेगी। विभागाध्यक्ष की अनुशंसाओं की प्रकृति और समिति के सदस्यों के साथ–साथ दानदाता के प्रतिनिधि का कर्मचारियों के विषय में आंकलन के आधार पर ही निर्णय लिया जावेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त कर्मचारी के आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संलग्न** :– निर्धारित प्रपत्र।

आदेशानुसार,
10/11/2023
कुलसचिव

प्रतिलिपि:–
1. प्रो. जी.एल. पुणताम्बेकर, अध्यक्ष, संबंधित समिति, वाणिज्य विभाग एवं समस्त सदस्यगण।
2. समस्त अधिष्ठाता/समन्वयक/संचालक, प्रशासन।
3. समस्त अधिष्ठाता, स्कूल।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, शैक्षणिक विभाग।
5. समस्त अधिकारी/विभाग प्रमुख।
6. प्रभारी मीडिया अधिकारी/प्रभारी विश्वविद्यालय बेव साईट सेल।
7. कुलपतिजी/कुलसचिव के सचिव।
8. संबंधित नस्ती।

10.11.2023
संयुक्त कुलसचिव (स्था.)

# डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

## स्वर्गीय दिनेश दीक्षित स्मृति उत्कृष्ट कर्मचारी स्वर्ण पदक वर्ष 2022 (प्रपत्र)

री द्वारा भरा जावे।

| कर्मचारी का नाम | विभाग/शाखा | प्रथम नियुक्ति दिनांक | वर्तमान पद पर नियुक्ति दिनांक | किस किस विभाग/शाखा में कब से कब तक रहे, उस दौरान संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/अधिकारी की यदि कोई अनुशंसा हो तो संलग्न करें। | सेवाकाल में यदि कोई महत्वपूर्ण योगदान हो तो उसका उल्लेख करें। |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | |

ाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी द्वारा भरा जावे।

| कर्मचारी की समयबद्धता | अनुशासन | कार्य के प्रति निष्ठावान है या नहीं | सामान्य सेवा के अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्यों की उपलब्धि, यदि कोई हो तो | क्या कोई विशेष प्रशिक्षण लिया है तो उल्लेख करें | किसी प्रकार की कोई शिकायत है अथवा नहीं | संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/अधिकारी की स्पष्ट अनुशंसा तथ्यात्मक टीप सहित अंकित करें। | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | |
| | | | | | | | |

:

- विगत 5 वर्षों का गोपनीय प्रतिवेदन का आंकलन
- मानदण्ड समान होने पर कर्मारी की वरिष्ठता को वरीयता दी जावेगी।
- विभागाध्यक्ष की अनुशंसाओं की प्रकृति और समिति के सदस्यों के साथ–साथ दानदाता प्रतिनिधि का कर्मचारियों के विषय में आंकलन के आधार पर ही निर्णय लिया जावेगा।
- आवेदनकर्ता कर्मचारी के संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/अधिकारी को बैठक में आमंत्रित किया जावेगा।

ांक :

हस्ताक्षर

संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/अधिकारी का नाम

पदमुद्रा